के.मा.शि.बो./अकादमिक/सं.स./2017

दिनांक: 6.06.2017
परिपत्र सं. शै.-20/2017

के.मा.शि.बो से संबद्ध समस्त विद्यालय

विषयः तृतीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2017 के आयोजन के संदर्भ में :

महोदय/ महोदया,

संयुक्त राष्ट्र संघ ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मान्यता दी है और वर्ष 2015 से यह विश्वव्यापी स्तर पर मनाया जाना शुरू हुआ। योग भारतीय षड्दर्शनों में से एक प्रमुख दर्शन है जिसे संपूर्ण विश्व में सम्मान प्राप्त है। तृतीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन 21 जून 2017 को किया जा रहा है।

बोर्ड से संबद्ध सभी विद्यालय इस अंतर्राष्ट्रीय दिवस के दिन प्रातः 7 से 8 बजे तक स्वैच्छिक रूप से उचित गतिविधियों का व्यापक एवं सामूहिक रूप से आयोजन कर सकते हैं :-

1. विद्यार्थी सामूहिक योग अभ्यास कर सकते हैं।
2. विद्यालय सुविधानुसार सुबह की सभा के समय सामूहिक योग का आयोजन कर सकते हैं।
3. योग पर कार्यशालाएँ, संगोष्ठियां, वार्ता आदि का आयोजन किया जा सकता है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2017 पर आयुष मंत्रालय द्वारा वृहद स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों का विवरण मंत्रालय की वेबसाइट पर देखा जा सकता है एवं विद्यालय स्वेच्छानुसार मंत्रालय से संपर्क कर उसमें भाग ले सकते हैं। इस वर्ष राष्ट्रीय स्तर पर सामूहिक योग अभ्यास (Mass Yoga Demonstration) रमाबाई अम्बेडकर मैदान, लखनऊ में आयोजित हो रहा है|
4. आयुष मंत्रालय द्वारा दिनांक 15 मई से 21 जून 2017 तक http://www.mygov.in पर प्रश्नोत्तरी (Quiz) प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है जिसमें विद्यार्थी भाग ले सकते हैं।

आयुष मंत्रालय, भारत सरकार ने 'सामूहिक योग नवाचार' (Common Yoga Protocol) विकसित किया है जिसे वेबसाइट www.indianmedicine.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की योग गतिविधियां पोर्टल - yoga.ayush.gov.in पर अपलोड की जा सकती हैं जिससे बच्चों में जागरूकता और उत्साह का संवर्धन हो। विद्यालय एक संक्षिप्त रिपोर्ट उप निदेशक (खेल) के.मा.शि.बो., प्रीत विहार, दिल्ली को ईमेल cbsegames@gmail.com पर प्रेषित कर सकते हैं।

(मनोज कुमार श्रीवास्तव)
संयुक्त सचिव एवं प्रभारी (शै.अ.प्र.एवं न.)

"शिक्षा सदन", 17, इंस्टिट्यूशनल क्षेत्र, राउज एवेन्यु, नई दिल्ली-110002
"Shiksha Sadan", 17, Institutional Area, Rouse Avenue, New Delhi-110002
फोन / Telephone : +91-11-23212603, 23234324(telefax) वेबसाइट/Website: www.cbseacademic.in

प्रतिलिपि:

1. आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, 18-इंस्टीट्यूशनल एरिया, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली।
2. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिती, ए-28, कैलाश कॉलोनी, नई दिल्ली
3. शिक्षा निदेशक, शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार, पुराना सचिवालय, नई दिल्ली- 110054
4. निदेशक, सार्वजनिक निर्देश (विद्यालय), केन्द्र शासित सचिवालय, सेक्टर 9, चंडीगढ़ -160017
5. शिक्षा निदेशक, सिक्किम सरकार, गंगटोक, सिक्किम -737101
6. निदेशक, विद्यालयी शिक्षा, अरुणाचल प्रदेश सरकार, ईटानगर - 791111
7. शिक्षा निदेशक, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह, पोर्ट ब्लेयर
8. सचिव, CTSA, ESSESS प्लाजा, सामुदायिक केन्द्र, सेक्टर -3, रोहिणी, दिल्ली - 110085
9. के.मा.शि.बो के सभी विभागों के प्रमुख
10. के.मा.शि.बो के सभी क्षेत्रीय अधिकारियों
11. बोर्ड के सभी उत्कृष्टता केन्द्र
12. अध्यक्ष, के.मा.शि.बो के निजी सहायक
13. जन संपर्क अधिकारी, के.मा.शि.बो

संयुक्त सचिव एवं प्रभारी (शै.अ.प्र.एवं न.)

"शिक्षा सदन", 17, इंस्टिट्यूशनल क्षेत्र, राउज एवेन्यु, नई दिल्ली-110002
"Shiksha Sadan", 17, Institutional Area, Rouse Avenue, New Delhi-110002
फोन / Telephone : +91-11-23212603, 23234324(telefax) वेबसाइट/Website: www.cbseacademic.in